संडे मार्केट के सामने सुपेला में निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण करने पहुंचे—महापौर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के संडे मार्केट के सामने सुपेला में बड़े नवीन पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे गर्मी के दिनो में वहां के निवासियो को पानी की सप्लाई और बेहतर ढंग से होने लगेगी। अभी वहां पर पानी का प्रेशर कम होने के कारण कुछ जगहो पर पानी ठीक से चढ़ नहीं रहा था। प्रेशर का दबाव कम होने के कारण पानी सप्लाई होने में समस्या आ रही थी। गर्मी के दिनो में पानी का मांग बड़ जाने के कारण टेंकरो से भी पानी की सप्लाई करना पड़ता है। नागरिको की सुविधा के लिए जल्द ही पानी टंकी का निर्माण पूर्ण कर लिया जायेगा। नगर निगम भिलाई द्वारा 1.75 करोड़ की लागत से 1500 किलो लीटर की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे लगभग 2200 परिवारो को लाभ मिलेगा। इस पानी टंकी के निर्माण से सुपेला राजेन्द्र प्रसाद चौंक से लेकर घड़ी चौंक तक के निवासियों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। जिसमें प्रमुख रूप से पांच रास्ता कान्ट्रेक्टर कालोनी, रामनगर, अम्बेडकर नगर, चिंगरी पारा, गौतम नगर, रावणभाठा, चुड़ी लाईन मार्केट, उड़िया बस्ती, देवांगन पारा आदि क्षेत्रों में पानी का प्रतिपूर्ति किया जा सकेगा। महापौर नीरज पाल ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि पानी टंकी का निर्माण समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो जाये। जिससे गर्मी के दिनो में क्षेत्र के नागरिको को पानी की प्रतिपूर्ति आवश्यकता के अनुसार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जलकार्य प्रभारी अध्यक्ष केशव चौबे, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, जिला कांग्रेश अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, उपभियंता अर्पित बंजारे, आदि उपस्थित रहे।